हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 नवंबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 देवउठनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव...



07 गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी



### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन में मुनि विवर्धन सागर महाराज बोले...

# बच्चों को सुसंस्कारित करना हमारी जिम्मेदारी है, बाल्यावस्था से ही संस्कार देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




बच्चों को धार्मिक कार्य न देने पर वह अशुभ कार्य में लग जाएंगे। हम टीवी पर धर्म प्रवचन सुनकर भी शुभ कर्म का पुण्य बंध कर सकते हैं। हम प्रवचन सुनेंगे तो बच्चे भी प्रवचन सुनेंगे। बच्चों को भी धार्मिक कार्यक्रम टीवी पर दिखाकर उनकी रुचि धर्म के प्रति बढ़ा सकते हैं। बाल्यावस्था से ही बच्चों को संस्कार देना चाहिए। हमारी भाषा जैसी रहेगी वैसी ही बच्चें की भाषा होगी। बच्चा अच्छी बात को भी सीखता है, बुरी बात को भी सीखता है। बच्चे को अच्छा बुरा बनाने वाले हम हैं। सुसंस्कार बच्चे को देने की जिम्मेदारी हमारी है।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष वर्षावास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म.सा. ने प्रवचन के दौरान यह विचार समाजजनों के समक्ष व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहाकि यह संसार कर्म आश्रवों से भरा हुआ है। आश्रव दो प्रकार का होता है पुण्य आश्रव एवं पाप आश्रव हम किस प्रकार के कर्म करते हैं यह हमारे पर निर्भर करता है। जहां आश्रव होता है वहीं पर बंध भी होता है। आठ में से सात कर्मों का प्रतिक्षण बंध चलता रहता है। हम किस प्रकार के भाव कर रहे हैं। निर्मल भाव से शुभ कर्म व अशुभ भाव से अशुभ कर्म का बंध करते हैं। उन्होंने कहाकि मन को कोई न कोई विषय देने का काम हमारा होता है। एक व्यक्ति को चिराग मिलता है उसकी सफाई करने पर उसमें देव प्रकट होते हैं। देव कहते हैं हमें आज्ञा दीजिए क्या काम करना है। व्यक्ति ने मकान बनाने का कहां। मकान तैयार हो गया। फिर गाड़ी में से सामान खाली कर दिया फिर देव ने कहा काम बताइए। व्यक्ति संत के पास पहुंचा। संत ने कहा उस देव से सीढ़ी चढ़ना और उतरना की कहना।

इस प्रकार उस देव को काम मिल गया। अगर हम मन को काम नहीं देंगे तो वह गलत दिशा में चला जाता है। हम न जाने कौन-कौन से सीरियल देखकर मन खराब करते हैं। यह सब निरंतर कर्मों के बंध के कारण है। मुनिश्री ने कहाकि हम जिन फिल्मों को देखते हैं उससे कई परिणामों का बंध कर लेते हैं। हम नींद में भी स्वप्न के द्वारा गलत परिणाम लाते हैं। इस प्रकार पाप कर्मों का बंध हम निरंतर करते रहते हैं। मोबाइल, टीवी सब तीव्र कर्म बंध के आसव है। हमें इलेक्ट्रॉनिक आयटमों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें टीवी, मोबाइल की सीमा तय करना चाहिए। शुभ अशुभ आश्रव से हम कैसे बचे। हम अधिकांश समय घर में रहते हैं कम समय मंदिर में रहते हैं। घर में रहते हुए भी हम कैसे अपने मन को शुभ भाव में लगाएं। अनेक घरेलू काम भी हमारे रहते हैं। यह सब समय पाप आश्रव के कारण है। उन्होंने कहा कि मन को प्रशस्त कार्य देने पर वह शुभ कर्म में जायेगा। हम टीवी पर धर्म प्रवचन सुनकर भी शुभ कर्म का पुण्य बंध कर सकते हैं। हम प्रवचन सुनेंगे तो बच्चे भी प्रवचन सुनेंगे बच्चों को भी धार्मिक कार्यक्रम टीवी पर दिखाकर उनकी रुचि धर्म के प्रति बढ़ा सकते हैं। अगर बच्चों को धार्मिक कार्य न देने पर वह अशुभ कार्य में लग जाएंगे।

मुनिश्री ने कहाकि नई जनरेशन में बहुत अधिक बदलाव आ रहा है। यह सब टीवी, मोबाइल के कारण है। व्हाट्सएप, इस्ट्राग्राम, फेसबुक से हमें बच्चों को बचाना है। नई पीढ़ी को संभालना आवश्यक हो गया। वर्तमान में कर्म के आश्रव बहुत सारे हो गए है। मन को दिशा देने का काम हमारा है। सम्यक कार्य की ओर मन को ले जाना है। छोटे बच्चों को अपने साथ मंदिर लाना चाहिए बच्चे गिली मिट्टी के समान है मिट्टी सूखने पर उसको आकार देना कठिन होता है। बचपन पुनः लौटकर वापस नहीं आता है। बड़ा होने पर संस्कार देना कठिन है। फिर पछताने के अलावा कुछ हमारे पास नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को अति छूट भी नहीं देना व अधिक कंट्रोल भी नहीं करना चाहिए। अधिक दबाकर रखने पर बच्चे संकुचित विचार का हो जाएगा। बाल्यावस्था से बच्चे को संस्कार देना चाहिए। आज बच्चा किताब उठाकर फेंक रहा है, भविष्य में वहां टीवी उठाकर भी फेंक सकता है। बच्चों को गाली देकर डाँटने पर बच्चा भी गाली देना सीख जायेगा। हमारी भाषा जैसी रहेगी वैसे ही बच्चे की भाषा होगी। बच्चा अच्छी बात को भी सीखता है बुरी बात को भी सीखता है। बच्चे को अच्छा - बुरा बताने वाले हम हैं। सुसंस्कार बच्चें को देने की जिम्मेदारी हमारी है। पाप और पुण्य आश्रव के लिए हम स्वयं हेतु हैं। जिस परिवार में बीड़ी सिगरेट का उपयोग होता है बच्चे भी वही कुछ सीख जाता है। हमारे गलत आचरण का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है।

#### श्रेष्ठ आचरण से श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता है

उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ आचरण से श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता है। हमारे श्रेष्ठ आचरण के कारण कभी हमें नगर, प्रदेश और राष्ट्र का नेतृत्व करने का मौका मिल जाता है। हम जो भी करें श्रेष्ठ ही करें हमें सदैव अच्छी भावना भाने से हम अरिहंत व सिद्ध परमेष्ठी बन सकते हैं। हमारे अच्छे आचरण से शुभ कर्म का आश्रव होगा। यहां संसार कर्म वर्गणाओं से ठसा-ठस भरा है। मन वचन काया की प्रवृत्ति से हमारे कर्म बंधते हैं। सदैव श्रेष्ठ पंच परमेष्ठी का चिंतन करना चाहिए। 20 घंटे हम घरों में बिताते हैं। सम्यक दृष्टि जीव हर पल का उपयोग धर्म भावना में लगाते हैं। बस में जाते समय ज्ञानी जीव भी पुण्य आश्रव का बंध करता है। अज्ञानी जीव निरंतर मोबाइल से पाप आश्रव का बंध करता रहता है। निरंतर शुभ का बंध करते रहना चाहिए। सभी आठ कर्मों की निर्जरा करके हमें सिद्ध भगवान बनना है। यह सब हमारे पुरुषार्थ पर निर्भर है। आश्रव भावना भाकर हम षढ़ आवश्यक कार्य करके शुभ कर्म में निरंतर लगे रहे।

### बाराती बने नगरवासी

## देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह हुआ



**नलखेड़ा।** देवउठनी एकादशी पर नगर के विभिन्न मंदिरों एवं सामाजिक स्तर पर भगवान शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। भगवान सालीग्राम जी की निकली बारात में बाराती बने नगरवासी झूमकर नाचे। रविवार को देवउठनी एकादशी पर बड़ा गणेश मंदिर पर तुलसी विवाह सपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला से भगवान सालीग्राम जी की बारात बैंड-बाजों व ढ़ोल-ढमाकों के साथ निकली। जिसमे भगवान शालिग्राम को एक सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया था। बारात में शामिल महिला व पुरुष बाराती सम्पूर्ण मार्ग पर नाचते चल रहे थे। बारात का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बारात मुखर्जी मार्ग चौक बाजार से गणेश मंदिर पहुंची। जहां बारातियों का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया। भगवान शालिग्राम की बारात का नगर में इतना भव्य स्वागत हुआ कि मार्ग की सड़कें पुष्पों से पट गई। गणेश मंदिर पर भगवान शालिग्राम व माता तुलसी के विवाह की सभी रस्में विधि विधान से निभाई गई। इसके पूर्व तुलसी पूजन का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा माता तुलसी का पूजन किया गया। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। विवाह संपन्न होने के बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इसी प्रकार शनिवार रात्रि को गवली मोहल्ला में भी तुलसी विवाह संपन्न हुआ।



## सेवानिवृत्ति पर जिला जेल अधीक्षक जीएल ओसारी का किया सम्मान






**नलखेड़ा।** जिला जेल अधीक्षक जीएल ओसारी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर जेल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। कलेक्टर प्रीति यादव और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने जेल अधीक्षक का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। गत दिवस आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में सहयोगी अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा जेल अधीक्षक को पुष्प मालाओं से सम्मानित किया तथा उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की गई। जेल अधीक्षक द्वारा सहयोगी अधिकारी कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार माना। अंत में सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जेल अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा, उज्जैन सर्कल जेल अधीक्षक साहू सहित जिला जेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम धरोला में तुलसी विवाह का आयोजन



**नलखेड़ा।** तहसील के वृंदावन ग्राम धरोला में शनिवार को देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम व तुलसी विवाह धूमधाम से हुआ। शनिवार को देवउठनी एकादशी पर वृन्दावन गांव धरोला में बाबा नटकेश्वर महादेव गोशाला में तुलसी विवाह का आयोजन ग्राम पंचायत धरोला के सरपंच राकेश पाटीदार द्वारा किया गया। जिसमे समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम में भगवान शालिग्राम व माता तुलसी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई जिसमें ग्रामवासी जमकर नाच रहे थे। शोभायात्रा के बाद बाबा नटकेश्वर महादेव गौशाला में विधि विधान से माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। विवाह उपरांत भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

### सुंदर रंगोली से सजे घर और आंगन


## देवउठनी एकादशी पर हुए धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

रोशनी के पर्व दिवाली के बाद देवउठनी एकादशी पर नगर में तुलसी विवाह सहित कई धार्मिक आयोजन हुए। वैसे तो सनातन धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। देवउठनी एकादशी पर चातुर्मास समाप्त होता है और ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और फिर से मांगलिक कार्य आरंभ होते हैं।

#### कुंभकार समाज ने की चाक की पूजा

देवउठनी ग्यारस पर कुम्भकार समाज द्वारा जिस चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं उसकी विधि विधान से पूजा कर उत्सव मनाया।



घर आंगन के सामने तुलसी के पौधे की भी पूजा अर्चना कर इस पर्व पर घर आंगन के सामने सुंदर-सुंदर तुलसी रंगोली बनाई गई। साथ ही घरों के बाहर दीप जलाकर छोटी दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।





## विवाद में जेठ ने महिला पर किया हमला, खेत में काम करते समय हुई मारपीट, तीन बेटियां भी घायल हुईं

**सीहोर।** बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के रामाखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को एक महिला और उसकी तीन बेटियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घायलों का इलाज बिलकिसगंज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।



जानकारी के मुताबिक, रामाखेड़ी के कलीबाई मेवाड़ा अपने खेत में लहसुन की खेती के लिए जमीन तैयार कर रही थी। इसी दौरान उनके जेठ नर्मदा प्रसाद मेवाड़ा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने अचानक बहू कलीबाई पर लकड़ी और फावड़े से हमला कर दिया। हमले के दौरान कलीबाई की बेटी प्रीति, महक और पलक और पड़ोसी रामेश्वर मेवाड़ा ने बीच-बचाव किया। इसके बावजूद कलीबाई को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी बेटियां भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल-100 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बिलकिसगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

## मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में विराजित मुनि संघ का वर्षायोग समापन की बेला में है। इसके पूर्व 3 नवंबर को मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह मनाया जाएगा। जिसको लेकर समाज में तैयारियां की जा रही हैं। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष वर्षावास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ससंघ विराजित हैं। वर्षाकाल के चार माह चौक बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर के समीप त्यागी भवन में रहकर मुनि संघ द्वारा खूब धर्म प्रभावना की गई।

मुनि विवर्धन सागरजी व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ने अपनी वाणी से धर्मोपदेश देकर जैन दर्शन के सिद्धांत व वारषाणुवेख्खा (बारह अनुप्रेक्षा) ग्रंथ की वाचना एवं व्याख्या कर तथा समाज के युवाओं की धार्मिक कक्षाओं के माध्यम से स्व कल्याण की भावना के साथ ही समाजजनों को संयम पथ पर चलने की प्रेरणा दी। मुनि संघ के वर्षायोग के समापन के अवसर पर दिगंबर जैन समाजजनों द्वारा गणाचार्य विराग सागर महा मुनिराज का 34 वां आचार्य पदारोहण दिवस एवं मूल संघ के गणधर मुनि विवर्धन सागर ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह 3 नवंबर को त्यागी भवन में विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ संपन्न होगा। पिच्छिका परिवर्तन के संदर्भ में मुनि विवर्धन सागर ने बताया कि मोर पंखों से बनी पिच्छिका इतनी कोमल होती है कि सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों को भी इधर-उधर करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है। इसीलिए जैन संत पिच्छिका को हमेशा अपने पास रखते हैं। वही इस तरह के आयोजनों से साधर्मी बन्धुओं को भी संयम पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ने बताया कि दिगंबर जैन संत अपने पास संयम का उपकरण मोर पंखों से बनी पिच्छिका को अहिंसा धर्म का पालन करने के लिए रखते हैं। पिच्छिका के पंखों की कोमलता कम होने पर इसका परिवर्तन किया जाता है। अधिकांशतः यह कार्यक्रम वर्षा योग समापन पर ही किए जाते हैं।

### स्थान-स्थान पर समाजजनों ने परमात्मा के समक्ष की गहूली

## तपस्वी सुमित्रा बेन सिंघवी की शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान विभिन्न तप आराधना के साथ सुमित्रा बेन सिंघवी की 110 दिन की श्रेणी तप की तपस्या सानंद संपन्न हुई। तप के अनुमोदनार्थ पांच दिवसीय स्वर्णिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत रविवार को परमात्मा की रथ यात्रा के साथ तपस्वी की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर सहित अन्य स्थानों से आए समाजजनों द्वारा भाग लिया गया। जैन आराधना भवन में श्वेतांबर जैन समाज द्वारा तपस्वी का बहुमान कार्यक्रम किया गया।

नलखेड़ा में रत्ननिधि, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में विभिन्न तपस्याएं तथा अन्य धार्मिक गतिविधियां चल रही हैं। तपस्या की कड़ी में समाज की धर्मनिष्ठ सुश्राविका सुमित्रा बेन वीरेंद्र कुमार सिंघवी द्वारा 110 दिवसीय श्रेणी तप की कठोर तपस्या की गई। जिसमें उनके द्वारा 84 दिन के उपवास किए गए। तप के निमित्त रविवार को चंदा प्रभु जिन मंदिरजी में तपस्वी द्वारा शासन माता की पूजन की गई। तत्पश्चात परमात्मा की रथ यात्रा के साथ तपस्वी सुमित्रा बेन सिंघवी की शोभायात्रा नगर में निकाली गई।

रथयात्रा में परमात्मा को कलात्मक रथ में विराजित किया गया था वही तपस्वी भी सुसज्जित रथ में विराजित थी। स्थान स्थान पर समाजजनों द्वारा परमात्मा के समक्ष गहूली की गई। रथ यात्रा में साध्वी मंडल के साथ बड़ी संख्या में समाजजनों तथा बाहर से आये श्री संघ के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। परमात्मा तथा तपस्वी की इस रथ यात्रा में समाज के चंदा प्रभु बहू मंडल, हेम प्रभा महिला मंडल आदि महिला मंडलों द्वारा अपने-अपने मंडल के ड्रेस कोड में भाग लेकर विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। विभिन्न मार्गों से होती हुई रथ यात्रा जैन आराधना भवन पहुंची। जहां अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम हुआ। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्री संघ तथा साध्वी मंडल द्वारा तपस्वी सुमित्रा बेन सिंघवी का बहुमान किया गया। वहीं समाज जनों द्वारा भी तपस्वी का बहुमान किया गया।





इस अवसर पर रत्न निधि म.सा. द्वारा तप की महिमा पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम लाभार्थी अरविंद कुमार, अरुण कुमार, स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सिंघवी परिवार की ओर से रखा गया। दोपहर 12.39 विजय मुहूर्त में तपस्वी का पारणा जैन धर्मशाला में रखा गया। लाभार्थी गुप्ता परिवार इंदौर द्वारा तपस्वी का पारणा करवाया गया। 3 नवंबर को प्रातः 9 बजे नव दिवसीय दादा गुरुदेव इकतीसा का समापन एवं दादा गुरुदेव का अभिषेक उपाश्रय जी पर रखा गया है। 4 नवंबर को उपाश्रयजी में नमिऊण अनुष्ठान का कार्यक्रम होगा।



खबर संक्षेप

## महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर समाजजनों ने किया माल्यार्पण



**देवास।** रविवार को सुबह 10 बजे मां कैलादेवी चौराहा स्थित अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल गुप्ता (समता बैंक वाले), विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहनलाल अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ गणमान्य लोगों प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाश चंद्र गोयल, मोहनलाल अग्रवाल, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, महेश अग्रवाल, पवन गोयल, जगदीश प्रसाद गर्ग, सुभाष अग्रवाल, नंदलाल राम भरोसे अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, राजेंद्र गोयल, देवेंद्र बंसल, नारू अग्रवाल, संजय मित्तल, एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन नवयुवक मंडल से मुकुल अग्रवाल, सौरभ गोयल, विपुल अग्रवाल, सौरव गुप्ता, भानु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हेमंत गोयल, सोनू मंगल, दिलीप अग्रवाल, प्रिंस गोयल, हेमंत अग्रवाल, पप्पू गोयल, डॉ अंकित अग्रवाल, दीपू गोयल, सचिन मंगल, दीपांशु गोयल , रोमित गोयल, मुकेश अग्रवाल और अन्य सभी युवा वर्ग साथी भी शामिल रहे। सभी महिला मण्डल की महिलाएं एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहीं सभी की उपस्थिति ने माल्यार्पण के कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। दुर्गेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में इसी प्रकार एकजुट होकर नियमित रूप से सामाजिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया सभी समाज सदस्यों का समाज अध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को हमेशा इसी प्रकार एकजुट होकर कार्य करने आभार व्यक्ति किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था के लिए हेमन्त अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ भव्य समारोह, हुए कई आयोजन

# शहर में जल्द लगेगी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा

### कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज, देवास द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किंग जॉर्ज स्कूल परिसर में हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह, सम्मान और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज, देवास द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किंग जॉर्ज स्कूल परिसर, कैला देवी मंदिर रोड, बजरंग नगर में किया गया, जिसकी शुरुआत शाम 4 बजे हुई। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समारोह की अध्यक्षता नंदकिशोर पाटीदार (संरक्षक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा) ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में गीता दुर्गेश अग्रवाल (महापौर, नगर निगम देवास), रवि जैन (सभापति, नगर निगम देवास), मनीष चौधरी (जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ग्रामीण) तथा प्रयास गौतम (जिला कांग्रेस अध्यक्ष, शहर) उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अलका कनौजिया (संचालक, किंग जॉर्ज स्कूल) एवं डॉ. ऋतु सिंह (संचालक, रिजॉल्यूशन डायग्नोस्टिक) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अध्यक्षीय उद्बोधन में नंदकिशोर पाटीदार ने सरदार पटेल के जीवन व उनके राष्ट्र निर्माण के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार लौह पुरुष ने देश को एक सूत्र में पिरोया, उसी तरह समाज के विभिन्न वर्गों को भी एकजुट होकर कार्य करना चाहिए ताकि सकल कुर्मी पाटीदार समाज पूरे देश में संगठित होकर प्रगति की नई ऊँचाइयाँ छू सके। सभापति रवि जैन ने समाजजनों को बधाई देते हुए वार्ड क्रमांक 26 में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित कर उस पार्क का नामकरण सरदार पटेल उद्यान ने से करने की घोषणा की। महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने समाज के हर व्यक्ति के साथ सदैव सहयोग देने की बात कही और सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का पूर्ण आश्वासन दिया। अग्रवाल ने भी पटेल की जयंती पर समाज को बधाई देते हुए कहा कि सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना शहर के गौरव का प्रतीक बनेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) मनीष चौधरी ने कहा कि कुर्मी क्षत्रिय समाज पूरे देश में व्यापक रूप से फैला है, और यदि यह समाज संगठित होकर आगे बढ़े तो देश के विकास में इसका बड़ा योगदान रहेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि समाज के किसी भी कार्य में आवश्यकता पडऩे पर वे सदैव समाज के साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम को रूपचंद सूर्या, कैलाश कुमार गौर, अलका कन्नौजिया, डॉ. ऋतु सिंह, राजेश पटेल आदि ने भी संबोंधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल पूरे देश के नेता थे, किसी एक समाज के नहीं, और उनकी विचारधारा से हमें एकता, समर्पण और सेवा की प्रेरणा मिलती है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना रहा। सयोदी पाटीदार ने सरदार पटेल पर आधारित गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। वहीं सिंगिग फार चैरिटी की गायिका मंजू दांडे ने देशप्रेम के गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन नवीन नाहर ने करते हुए उपस्थितजनों को सरदार पटेल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। आभार प्रदर्शन बबलू पाटीदार ने व्यक्त किया।




समारोह में समाज के वरिष्ठजन श्रीकृष्ण गौर, रमेशचंद्र गौर, प्रेमनारायण पाटीदार, सुनील पाटीदार, रामभान सिंह पटेल, घनश्याम कटारिया, प्रीति पाटीदार, डाली पाटीदार, शैलेन्द्र टीकरिया, प्रो. भूरेलाल पाटीदार, ओम जी राजोदा, सौरभ सचान, सतीष मुकाती, शिवप्रसाद धंदेडा सहित 350 से अधिक समाजजन उपस्थित थे। अंत में सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने, समाज की एकता को सुदृढ़ करने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# पुलिस ने डंपर से हुई बैटरी चोरी का किया खुलासा

### दो आरोपी गिरफ्तार, मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रसुलपुर बायपास पर डंपर से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बैटरी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी सहित कुल 65,000 रुपए का सामान जब्त किया गया है। यह घटना 31 अक्टूबर 2025 को हुई थी, फरियादी संजय पिता करण सिंह रावत (35) ने अपने डंपर (एचआर 9 एफ 31999) से एक बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट 1 नवंबर को दर्ज कराई थी। संजय रावत पुनिया कंस्ट्रक्शन एंड राजेंद्र सिंह कॉन्ट्रेक्टर फर्म के लिए ड्राइवर के रूप में काम करते हैं, जो रसुलपुर बायपास पर पुल निर्माण का कार्य कर रही है। 31 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने कंपनी के निर्माणाधीन ब्रिज प्लांट के सामने डंपर पार्क किया था। शाम करीब 4 बजे जब वे वापस आए और डंपर चालू करने का प्रयास किया, तो वह स्टार्ट नहीं हुआ। जांच करने पर पता चला कि डंपर में लगी दो बैटरियों में से एक गायब थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने मुखबिरों को सक्रिय किया, जिसके माध्यम से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने दो आरोपियों, महमूद उर्फ महबूब पिता नजीम खान (50) निवासी नहारसा नगर, खजराना, इंदौर और सलीम पिता मोहम्मद शमीर शाह (36) निवासी रोशननगर, खजराना, इंदौर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से करीब 15,000 रुपए की एक एक्साइड कंपनी की बैटरी और घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी (एमपी 09 झेडव्हाय 2116) जिसकी कीमत करीब 50,000 रुपए है, सहित कुल 65,000 रुपए का मशरुका बरामद किया। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी करीब 1 किलोमीटर तक भागने का प्रयास करते रहे, लेकिन पुलिस की सक्रिय घेराबंदी के कारण वे बच नहीं पाए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## धुनी संस्थान मल्हार पर अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**देवास।** दीपावली महापर्व के पावन अवसर पर सद्गुरु शीलनाथ धुनी संस्थान, मल्हार, देवास में इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 02 नवम्बर को बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। भक्त मण्डल समिति सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री श्रीनाथजी एवं श्रीमंत सद्गुरु योगेन्द्र श्री शीलनाथजी महाराज के अभिषेक, महाआरती, भजन व भोग के साथ दोपहर 11.45 पर हुआ जिसके पश्चात सभी गुरुभक्तों के लिए महाप्रसादी का वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश चौहान, मनीष जैन, सुरेन्द्र वर्मा, समिति अध्यक्ष अजीत भल्ला, रमेश चौबे, सुरेन्द्र पवार, पोपसिंह परिहार, देवेन्द्र नवगोत्री, अरविन्द चौकसे, पार्षद दीपक अकोदिया (राजा), अर्जुन चौधरी, फोटोग्राफर पवार, मुकेश नवगोत्री, सर्वेश राठौर, मोहन फोटोग्राफर, अर्जुन दा भाई सहित समिति, मण्डल के सदस्यों के साथ भक्तजन बडी संख्या में शामिल हुए व प्रसादी ग्रहण की।


## धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी, घर-घर की गई अर्चना



**देवास।** देवउठनी एकादशी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार शाम से ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में जमकर आतिशबाजी की गई, जो देर रात तक जारी रही। इस दिन से सभी शुभ कार्यों की शुरुआत हो गई है। एकादशी के अवसर पर शहर में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। बाजारों में रौनक दिखाई दी, जहां गन्ने और फूल-मालाओं की दुकानें लोगों को आकर्षित कर रही थीं। दीपावली की तरह ही घरों में दीपक सजाकर पूजा-अर्चना की गई। पंडित राजेश दुबे के अनुसार, इस वर्ष दो एकादशी मनाई जा रही हैं। कुछ परिवारों ने शनिवार को व्रत रखा, जबकि कई जगहों पर रविवार को एकादशी का पर्व मनाकर पूजा-अर्चना की गई। देवउठनी एकादशी पर शहर भर में सुबह से रात तक कई आयोजन हुए। कई घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और शहनाइयों की गूंज सुनाई दी, एकादशी से शादियों के मौसम की शुरुआत हुई।

# देवउठनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खाटू श्याम मंदिर समिति ने बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर मंदिर को विद्युत सजावट से सजाया, वहीं बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार उज्जैन के कारीगरों द्वारा किया गया। श्याम भक्तों ने एक हाथ में निशान और दूसरे हाथ में गुलाब का फूल लेकर श्री श्याम का सुमिरन किया और मन में आदर्श लेकर हजारों श्याम प्रेमी मंदिर पहुंचे।

सभी ने बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाकर मंगल कामना की। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी असंख्य श्याम भक्त बाबा के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करते नजर आए। बाबा के जन्मोत्सव पर बाबा श्याम को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया।

मंदिर समिति एवं अन्य धार्मिक समितियों द्वारा फरियाली, खिचड़ी, साबूदाने की खीर तथा फलों के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्याम प्रेमी सेवा में लगे रहे। साथी प्रसाद रूपेश वर्मा अपने साथियों के साथ मंदिर परिसर में सफाई व्यवस्था संभालते नजर आए। श्याम भक्तों ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवउठनी एकादशी) के दिन ही बाबा श्याम का शीश खाटूधाम के श्यामकुंड में प्रकाश हुआ था।

इसी कारण यह दिन श्याम जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव भक्तों ने आतिशबाजी, पटाखों और टॉफियों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खाटू श्याम मंदिर समिति ने सभी श्याम प्रेमियों को बधाई दी और आभार व्यक्त किया।

# श्री गुरु टेकचंद धर्मशाला में 56 भोग प्रसादी के साथ हुआ अन्नकूट वितरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्रीगुरु टेकचंद सामाजिक एवम धार्मिक ट्रस्ट द्वारा छप्पन भोग प्रसादी एवं अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस वर्ष अन्नकूट के लाभार्थी माँ कृपा ट्रेडिंग कंपनी के संचालक राजेश पडियार एवं उनकी पत्नी मीना पड़ियार थे। राजेश पड़ियार एवं उनके पुत्र बाला का स्वागत ट्रस्ट के सभी संरक्षक एवं अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। पड़ियार एवं उनकी सुपुत्री जया पड़ियार (सीए) का स्वागत दोनों महिला ट्रस्ट सदस्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्गदर्शक रामेश्वर सोलंकी, ट्रस्ट संवरक्षक दिलिप परमार, दीपचंद मेहता, सत्यनारायण सोलंकी एवं लाभार्थी परिवार द्वारा समाज के आराध्य संत श्री श्री 1008श्री टेकचंद जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इंदौर से आए दामोदर सेवा शिक्षा समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल परमार ,उपाध्यक्ष कमलकिशोर डाबी, राजेश परिहार ,सचिव कृष्णकुमार परमार,सहसचिव महेश सोलंकी, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश चौहान, का स्वागत ट्रस्ट अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बाद समाज के आराध्य संत श्री श्री 1008 श्री गुरु टेकचन्द महाराज व राधा कृष्ण भगवान को छप्पन भोग एवं अन्नकूट की प्रसादी का भोग लगाया गया। सभी अतिथि व वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं माता ,बहनों द्वारा आरती की गई। आरती पश्चात छप्पन भोग प्रसादी, अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की गई। इससे पूर्व महिला ट्रस्टी के मार्ग दर्शन मे दीपिका चावडा एवं उनके परिवार की छोटी छोटी बेटियों ने धर्म शाला प्रांगण में रंगोली बना कर तथा मंदिर परिसर के आसपास दीप जला कर सजावट की।

### पांच दिवसीय कार्यक्रम रविवार को भंडारे से हुआ समापन, काफी संख्या में उमड़े भक्तजन

# बाबा खाटू श्याम मंदिर में गूंजे जय श्री श्याम के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शुक्ल पक्ष की कार्तिक माह की देवउठनी ग्यारस पर भगवान श्याम बाबा का जन्मोत्सव नेवरी फाटा स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर बाबा खाटू श्याम सेवा समिति ने पांच दिवसीय बाबा खाटू श्याम मेला सहित कार्यक्रम आयोजित किए थे जिसका समापन रविवार को पूर्ण आहुति के साथ हुआ। महा आरती के बाद श्याम मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन यज्ञ प्रेरणा स्रोत संत मनोहर दास त्यागी, यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी व पंडित विशाल द्विवेदी के मंत्र उच्चारण से पूर्ण हुआ। इन्हीं के द्वारा वर्ष 2023 में भी प्राण प्रतिष्ठा कर बाबा श्याम की प्रतिमा स्थापित कराई गई थी। एक हाथ में निशान और दूसरे हाथ में गुलाब का फूल लेकर अपने मन में अर्जी लिए जय श्री श्याम का सुमिरन करते हुए अनगिनत भक्त बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे जहां बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाकर मंगल कामनाएं की। नगर सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो भक्तों ने मंदिर परिषद में श्याम भक्तों को स्वल्पाहार भी वितरित किया। सोनकच्छ के श्याम परिवार के द्वारा 21 क्विंटल खिचड़ी का नेवरीफाटा स्थित श्याम मंदिर पर वितरण किया।

### जन्म उत्सव पर भजनों की रही बहार

जहा मंदिर में बाबा श्याम के दाहिनी और हवन कुंड स्थापित किया गया था वहां पर पांच जोड़े मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर रहे थे रविवार को पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ का समापन हुआ। वही शनिवार को बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें भजन गायक द्वारका मंत्री, भजन गायक आमोद जैन सहित एक दर्जन से भी अधिक कलाकारों ने बाबा श्याम के भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। भजन सुनकर श्याम भक्त मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे और बाबा श्याम के जयकारे जय श्री श्याम, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा झूम झूम कर लगाते रहे।

# वर्टीस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने की अनोखी पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

आरोहन स्कॉलरशिप योजना (डीबीसीपीएल) सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत वर्टीस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए आरोहन स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की है। यह योजना देशभर के टोल प्लाज़ा पर कार्यरत कर्मचारियों के आश्रित बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 11वीं–12वीं एवं उच्च शिक्षा स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को 12,000 से 50,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन और मेंटरशिप सहायता भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने भविष्य को और मजबूत बना सकें।कार्यक्रम में टोल प्लाज़ा पर कार्यरत सभी कर्मचारी जैसे टी.सी., सुपरवाइज़र या अन्य कर्मचारी भाग ले सकते हैं। पात्रता के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी के माता, पिता, पोषक में से कोई एक टोल प्लाज़ा पर कार्यरत हो, और परिवार की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो। आरोहन स्कॉलरशिप योजना वर्टीस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से संस्था देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में योगदान देने वाले कर्मियों के परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है।

### यातायात माह नवंबर के शुरुआत में कर रहे जागरुक, यातायात नियमों का पालन करें

# नियमों से चलने वाले वाहन चालकों को दिया गुलाब, बिगड़ैल पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।

यातायात माह नवम्बर के शुभारंभ पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से जिले की जनता को संदेश देने का प्रयास किया, कि पहले स्वयं सुधरें, फिर दूसरों को जागरूक करें। अधिकारियों ने यातायात माह को लेकर अपनी कार्ययोजनाओं को बताया तो वहीं लोगों से सहयोग का आह्वान किया। यातायात माह शुरू होने के दूसरे दिन रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान में नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया, तो वहीं दूसरी ओर बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती भी दिखायी गयी। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर के दूसरे दिन शहर भर में वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें। कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। उन्होंने तीन सवारियां न बैठाने, शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाने और सभी सम्बन्धित कागजातों को साथ रखकर ही वाहन चलाने का आह्वान किया। टीएसआई ने चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करने की भी अपील की। सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया।

### देवउठनी एकादशी पर लगा मेला, पुलिस प्रशासन रहा मौजूद

# बाबा झूमरनाथ में भोलेनाथ के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶बार

ब्लाक मुख्यालय से बार से 13 किलोमीटर दूर ग्राम रजपुरा में स्थित सिद्ध क्षेत्र की प्राकृतिक गुफा में भगवान भोलेनाथ का वास है जो झूमरनाथ धाम के नाम से प्रसिद्ध है। गुफा में भगवान भोलेनाथ के विशाल पिंडी के रूप में दर्शन होते है। देव उठनी एकादशी को प्रत्येक वर्ष विशाल मेला लगता है। जिसमें भारी संख्या में भक्तगण दूर-दूर से आकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते है। पुजारी श्री चन्द्रशेखर दास जी महाराज के अनुसार शिवरात्रि से होलिका दहन तक भी ऐसी तरह मेले का आयोजन कई वर्षों से चला आ रहा है। परंतु कार्तिक मास की एकादसी को धार्मिक मान्यता के अनुसार पवित्र माह माना जाता है। झूमरनाथ के मेला में भारी श्रद्धालुओं की भीड रहती है। मेला के पूरे दिन भजन कार्यक्रम भण्डारे चलते रहते है। व भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लियो भक्तो को लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है। इस मेले में भारी संख्या में कार्तिक स्नान करने वाली महिलाये पहुँचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कराती है। श्रद्धालुओं के वाहनों को मंदिर क्षेत्र के बाहर रोका जाता है। जिससे बाबा के भक्तों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। मेले में थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था सहित कड़े इंतजाम थे वही गुम हुये बच्चो को पुलिस प्रशासन व झूमरनाथ कमेटी के लोग मंदिर के पास लाकर उनका अलाउंस कराकर विछड़ो को मिलाने का कार्य कर रहे थे। इस भव्य मेले को सम्पन्न कराने में ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन व समीपस्थ गांवो के सभी जनप्रतिनिधियों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है।

### श्रीश्याम जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा, प्रसाद वितरण के साथ हुआ



बार। कस्बे में शनिवार दोपहर को खाटू श्याम का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया श्याम भक्तो द्वारा सर्वप्रथम खाटू श्याम की पूजा अर्चना की गयी उसके बाद बैंड बाजों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जो मेला ग्राउंड चौराहे से होते हुये राउन मुहल्ला गदयाना तिगेला, कडरुयाना होते हुये मुख्य बस स्टैंड से विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची तत्पश्चात बानपुर रोड होते हुये मेला ग्राउंड पर इस शोभायात्रा का समापन हुवा वही शोभायात्रा के दौरान श्यामभक्त डीजे की धुनों पर काली कमली वाला मेरा यार है श्याम, सेठो के सेठ खाटू नरेश जैसे धार्मिक गीतों पर श्याम भक्त झूमते नजर आए। शोभायात्रा के साथ खाटूश्याम की भव्य झांकी निकाली गयी वही ढ़ोल नागाड़ो के साथ जमकर आतिशबाजी हुई समापन पर प्रसाद वितरण किया गया वही आयोजन समिति ने बताया की सायं में खाटू नरेश के जन्मोत्सव पर केक काटने का कार्यक्रम भी रखा गया है वही शोभायात्रा के दौरान पुलिस को यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाये रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी क्योकि देवउठनी एकादशी के चलते बाजार में भीड़ रही तो वही झूमरनाथ में लगे मेले के कारण भारी वाहनों का आवागमन बना रहा आयोजन में युवा खाटू श्याम के निशान के साथ नाचते गाते और झूमते नजर आये।

### मौत की वजह जानने के लिए बिसरा जांच के लिए भेजा

# दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का दावा पोस्टमार्टम में कारण स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

दो दिन पहले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सका है। चिकित्सकों ने मौत की वजह जानने के लिए बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। यह घटना 31 अक्टूबर की रात की है। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम सिंगरवारा निवासी बालकदास (35) गांव के ही एक व्यक्ति के घर में मृत अवस्था में पाए गए थे।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि जमीन रजिस्ट्री के बकाया रुपये देने के बहाने बालकदास को घर बुलाया गया और फिर शराब में जहर मिलाकर या गला दबाकर उनकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई आशाराम ने बताया कि बालकदास ने गांव के एक व्यक्ति को अपनी 1.32 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री की थी, जिसकी जानकारी परिवार को नहीं थी। करीब 5-6 दिन पहले बालकदास हरियाणा से घर आए थे। 30 अक्टूबर को वह जमीन रजिस्ट्री के बकाया 1.80 लाख रुपये लेने के लिए ग्राम सिंगरवारा में विपक्षी के घर पहुंचे थे। रात करीब 8 बजे आशाराम को जानकारी मिली कि उनके भाई बालकदास की मौत दूसरे पक्ष के घर में हो गई है। मौके पर पहुंचने पर बालकदास मृत अवस्था में मिले। दूसरे पक्ष ने बताया कि वे बालकदास के साथ घर पर बैठे थे और शराब पार्टी चल रही थी, इसी दौरान बालकदास की मौत हो गई। इसके बाद 31 अक्टूबर को गांव में पंचायत हुई, जिसमें दो गांवों के लोग शामिल हुए। आशाराम ने थाना नाराहट पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बालकदास अपने तीन भाई-तीन बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी पत्नी का निधन शादी के करीब डेढ़ वर्ष बाद हो गया था। पोस्टमार्टम सूत्रों के अनुसार, युवक की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा को सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। अब बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा।

# अवैध कटिया से तारबाड़ी में आया करंट,भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दुधारू भैंस की करंट लगने के लिए मौत हो जाने और सूचना देने के बावजूद भी विद्युत अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न किये जाने का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में भैंस मालिक ने एफआईआर दर्ज करायी गयी है। जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी विपिन कुमार तिवारी पुत्र मुन्नालाल तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि गांव के ही जुगलकिशोर तिवारी पुत्र बृजनन्दन तिवारी जो कि अवैध रूप से आइडिया कम्पनी का टावर की डीपी से जलाने के लिए डोरी डाले हुये हैं। बताया कि 27 अक्टूबर को समय 4 बजे शाम को अवैध डोरी से तारबाड़ी में करंट लगने के कारण उसकी दुधारु भैंस जो कि लगभग 20 दिन पहले ही ब्यानी थी। आरोप है कि तारबाड़ी का करंट लगने से उक्त भैंस की मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में जब पीड़ित ने उप खण्ड अधिकारी पाली, उप खण्ड पावर हाऊस जाखलौन एवं थानाध्यक्ष पाली को शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी और न ही मौके पर जांच करायी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### मां-बेटे से की मारपीट एफआईआर दर्ज

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम दुर्जनपुरा निवासी कृष्णपाल पुत्र हरकिशन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6.30 बजे गांव के हीरालाल पुत्र मौजी, नीलेश पुत्र जगदीश व अर्चना पुत्री जगदीश एकराय होकर उसके घर आये और उसे व उसकी मां रामसखी से बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लातघूसों व पत्थरों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### संगत में महिलाएं बच्चे पुरुष शब्द कीर्तन करते हुए ढोलक बजाते चल रहे थे

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वावधान में गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व की खुशी में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान संगत के रूप में महिलाएं बच्चे पुरुष शब्द कीर्तन करते हुए ढोलक मांझीरे चिमटे आदि बजाते हुए नानक आया नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया। उच्चादर बाबे नानक दा आदि गुरबाणी शब्द कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। साथ में गुरु घर के निशान साहिब सब से आगे चल रहे थे।

प्रभात फेरी का समापन सादर कांटा स्थित सतीश अरोरा निवास पर हुआ, जहां पर लंगर व चाय नाश्ते का आयोजन कल श्रीअखंड पाठ साहिबजी का समापन होगा। उपरांत दूसरे श्रीअखंड पाठ साहिब की आरंभता हुयी। मौके पर अध्यक्ष ओंकारसिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, सरदार ज्ञानी दलजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह, अवतार सिंह, कमलजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, जोगिंदर सिंह, जगजीत सिंह परमार, नीटू कालरा, अरविंद अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, आनंद सिंह, डा.जे.एस.बक्शी, महिंदर अरोरा, सुनील अरोरा, ज्ञानी गुरुचरण, अरविंदर सिंह एड., विवेक चोपड़ा, बलदेव सिंह, बिंदु कालरा, जसविंदर कौर, डा.हरजीत कौर, मंजीत कौर, चांदनी अरोड़ा, मनप्रीत सलूजा, गुरुचरण कौर, रोजी अरोड़ा, मनविंदर कौर, अमरजीत कौर आदि मौजूद रहे।

### उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई

# जिला उद्योग बंधु समिति ने कई मुद्दों पर की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।

जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा उपयुक्त उद्योग ने उद्योग बन्धु की संयुक्त निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए। निर्देशों के क्रम में विद्युत विभाग एवं उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया कि औद्योगिक आस्थान तालबेहट में लोहे के औजारों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयां जो वर्तमान में कार्यरत हैं जो कि जनरेटर के द्वारा अपना कार्य कर रही हैं। इस हेतु तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था प्रदान कराने के लिए और उनकी अन्य समस्या का निस्तारण करने के लिए औद्योगिक आस्थान, तालबेहट में ही मीटिंग की गई और विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि वह तत्काल प्रभाव से अंगणन प्रस्तुत करें। जिससे तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारु करायी जा सके। इस दौरान उद्यमी अनन्तराम एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्था के बाद उत्पादन में वृद्धि होगी एवं वह मार्केट की प्रतिस्पर्धों का सामना कर सकने में सक्षम होंगें।

### घायल महिला ने दो दिन पूर्व की थी थाने में शिकायत, पड़िया गांव का मामला

# थाने में पड़ी रही शिकायत, उधर देवरानी-जेठानी पर कर दिया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम पड़िया में जमीनी विवाद के चलते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और उनकी जेठानी पर उनके ही रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। हमले में देवरानी-जेठानी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इस घटना में कोतवाली पुलिस पर भी लापरवाही बरते जाने के आरोप लगे हैं। दरअसल, जिन दोनों महिलाओं पर हमला हुआ उन्होंने 29 अक्टूबर को ही थाने में लिखित शिकायत करते हुए अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी लेकिन पुलिस ने उस आवेदन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की।

## क्या है पूरा मामला

पड़िया गांव निवासी पप्पीबाई पत्नी पर्वत सिंह तंवर ने 29 अक्टूबर को कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की थी कि उनके ही रिश्तदारों से उनका जमीनी विवाद चल रहा है और वे लगातार गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर आमादा हैं। आवेदन के 2 दिन बाद 31 अक्टूबर को जब पप्पीबाई और उनकी जेठानी देवकीबाई पत्नी राधेश्याम तंवर राजगढ़ से अपने गांव लौट रही थीं तभी पवन पिता मांगीलाल तंवर, मांगीलाल तंवर, देवसिंह पिता रायसिंह तंवर और सुगनबाई पत्नी रायसिंह तंवर ने उन पर लट्ठ, कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं। बाद में परिजनों द्वारा दोनों घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## दो-तीन बार कर चुकी थीं शिकायत

अस्पताल में इलाजरत पप्पीबाई ने बताया कि पहले उन्होंने 29 अक्टूबर को थाने में लिखित आवेदन देकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी। उसके उपरान्त घटना दिनांक 31 अक्टूबर की शाम को भी उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई और घर लौट रही थीं तभी उन पर हमला कर दिया गया। अगर पुलिस उनकी शिकायत को गंभीरता से लेकर पहले ही कार्यवाही कर लेती तो संभवतः घटना होने से बच जाती।

## पहली बार नहीं हुआ है ऐसा

उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब आवेदकों की शिकायतें थाने में लंबित पड़ी रही हों और उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। पूर्व में भी अनेकों बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जिनमें पुलिस विभाग शिकायतकर्ताओं से आवेदन लेकर अपने पास लेकर रख लेता है, लेकिन उन पर बाद में कोई कार्यवाही नजर नहीं आती।

### इनका कहना है...

*महिला ने जब पहले दिन शिकायत की थी तभी मैने एक हेड कांस्टेबल को पाबंद कर गांव भेजा था, जहां अभियुक्तों में एक व्यक्ति मिला। पहली शिकायत में महिला ने अभियुक्तों के नाम कुछ अलग लिखवाए और दूसरी शिकायत में अन्य व्यक्तियों के नाम लिखवाए। घटना के बाद हमने नियमानुसार सुसंगत धाराओं में आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर 1 को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अन्य की तलाश जारी है।*

*अखिलेश वर्मा*
*थाना प्रभारी, कोतवाली राजगढ़*

---

### मप्र गान और जय मध्यप्रदेश के नारों से गूंजा परिसर

# धूमधाम के साथ मनाई गई मध्य प्रदेश स्थापना की 70वीं वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र राज्य स्थापना की 70वीं वर्षगांठ जिले भर में धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई गई। मुख्य आयोजन मुख्यालय के उत्कृष्ट ग्राउंड पर आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ है, जब हम मध्यप्रदेश के गठन दिवस के अवसर पर अपने प्रदेश के गौरव और सम्मान के लिए एकत्र हुए हैं।

राज्यमंत्री पंवार ने मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य का भौगोलिक मानचित्र भगवान नंदी के समान दिखाई देता है, जो हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कभी यह धरती बंजर और जलस्त्रोतों से वंचित थी, लेकिन अब मध्यप्रदेश में लगभग 50 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है, जिसे 2028 तक बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी हुई प्रस्तुतियां

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मालवी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति के महत्व को सुंदर रूप से दर्शाया गया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

## स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की हुई सराहना

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह में विश्वास महिला संकुल स्तरीय संगठन खिलचीपुर व बालाजी महिला स्व-सहायता समूह तथा स्वच्छ स्व-सहायता समूह द्वारा हस्तशिल्प निर्मित उत्पाद एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बाजार के स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों के उत्पादों की अतिथियों सहित उपस्थितजनों द्वारा सराहना की गई।

---

## सेवानिवृत्त हुए रमेशचंद्र का विदाई समारोह आयोजित



**जीरापुर।** नगर परिषद में कार्यरत लेखापाल रमेशचंद्र नाथ की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर परिषद सभागार में विदाई दिनांक 31 अक्टूबर को हुई। उल्लेखनीय है कि रमेशचंद्र नाथ ने नगरीय निकाय जीरापुर में पेतींस वर्ष तथा लगभग 5 वर्ष छापीहेड़ा में ऐसे लगभग 40 वर्ष 4 माह 21 दिन अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, शिवचरण मण्ड़लोई, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह ,संजय भावसार, बंकट माहेश्वरी, मुकेश पुष्पद, कमल झावा एवं समस्त परिषद सदस्य , मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने सेवानिवृत्त रमेशचंद्र नाथ का साफा पहनाकर, शाल श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया।

---

**नामदेव महाराज की जयंती पर हुए आयोजन**

# संत शिरोमणी की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह




**ब्यावरा।** संत शिरोमणी नामदेव महाराज जयंती महोत्सव नगर में देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नामदेव समाज विकास परिषद के तत्वावधान में संत शिरोमणी नामदेव महाराज जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला से ढोल-ढमाके, जयकारों के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ जो पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जगात चैक से होते हुए सिविल अस्पताल रोड स्थित गंगा मंदिर पहुंचा जहां पूजा-अर्चना, महाआरती की गई। खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। गंगा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा डा. मुकेश मारु के नेतृत्व में समाज बंधुओं का स्वागत किया गया।

स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत। अग्रवाल समाज की और से शुभम भोजनालय के यहां, हरिओम जनरल स्टोर्स पर दीपक नामदेव, राजू चौरसिया, गोपाल बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, पवन नामदेव कपड़े वाले, पंकज सोनी, एडव्होकेट प्रवीण नामदेव, संजय अग्रवाल, गोपाल बादशाह, पार्षद पूजा बड़ोने, रवि बड़ोने, ब्रजमोहन शर्मा, मनोज भारद्धाज, हरिओम कुशवाह द्वारा पुष्पवर्षा, स्वल्पाहार द्वारा स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष कैलाश नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष राधाकृष्ण बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, गौरीशंकर नामदेव, मोहनलाल टेलर, जगदीश नामदेव, श्याम सुंदर, सत्यनारायण, पुरुषोत्तम, मांगीलाल, रामबाबू, पवन, गब्बर, ओमप्रकाश, विष्णु बड़ोने, बापूलाल, जगन्नाथ, गोपाल, राजेन्द्र, घनश्याम, हरिओम, महेन्द्र, शैलेन्द्र सहित बड़ी समाज के पुरुष, युवा, बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

---

**सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश**

# निरीक्षणः उप स्वास्थ्य केंद्रों में ताले, खड़े मिले निजी वाहन

### सीएमएचओ के औचक निरीक्षण में नजर आई लापरवाहियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे ही चल रही हैं। शहरी क्षेत्रों की स्थिति तो फिर भी ठीक है लेकिन ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के हालात तो बद से बदतर नजर आ रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन की हकीकत जानने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने कुछ केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान जब सीएमएचओ मोतीपुरा खाती गांव के केंद्र पहुंचीं तो न केवल वहां ताला लगा पाया गया बल्कि किसी स्थानीय ग्रामीण का निजी वाहन भी केंद्र परिसर में रखा हुआ मिला। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ डॉ. पटेल ने पहले उक्त निजी वाहन को केंद्र से हटवाया एवं राजगढ़ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को यहां पदस्थ सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

## फूलखेड़ी का केंद्र भी मिला बंद

मोतीपुरा खाती केंद्र के निरीक्षण उपरान्त जब सीएमएचओ डॉ. पटेल फूलखेड़ी उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं तो वहां भी उन्हें ताला लटका हुआ मिला। ड्यूटी समय में मौके से नदारत फूलखेड़ी सीएचओ को भी कारण बताओ सूचना पत्र दिए जाने के निर्देश सीएमएचओ द्वारा प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि गत 25 अक्टूबर को जब डीसीएम सुनील वर्मा ने उप-स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया था तब भी फूलखेड़ी एवं फत्तूखेड़ी के केंद्रों में ताले लगे हुए मिले थे।

---

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई। भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनुपम आचार्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर बताया कि भारत के एकीकरण में उना योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी कपिल वैष्णव द्वारा शपथ दिलाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म को प्रदर्शित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ ओपी गुप्ता, डॉ ललित कुमार शर्मा, डॉ महेश नरवरिया, डॉ सचिन शर्मा, डॉ मनोहर परमार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रीना पाटीदार, डॉ रश्मि सोनी, इंदर सिंह गुर्जर सहित महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्रो. दिनेश दांगी ने किया।

---

# 50 हजार रुपए की ठगी का शिकार हुए पेंशनधारी मास्टर




**कुरावर।** शनिवार सुबह नगर में एक पेंशनधारी मास्टर ठगी का शिकार हो गए। मामले में पुलिस ने आवेदन लेकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटायर्ड पेंशनधारी बाबूलाल शर्मा सुबह 11 बजे नगर के मुख्य मार्ग स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रूपए निकलकर घर की तरफ चले ही थे कि पुलिया के पास मोटरसाइकिल से आऐ दो अज्ञात आरोपितों ने बाबूलाल को बोला की हम आपके घर से चाय पीकर आ रहे हैं। आपके बोड़ा वाले जमाई ने पैसे मंगवाए हैं तथा उन्होंने यह भी बताया की हम आपके जमाई के घर के सामने रहते हैं आप पैसे दे दो। बाबूलाल ने बिना कुछ समझे उनको 50 हजार की गड्डी पीछे बैठे व्यक्ति को थमा दी। पैसे लेते ही ठगों ने बाबूलाल से कहा आप चले हम टप्पे से होकर घर आते हैं। जब घर पर कोई नहीं दिखा तो बाबूलाल ने अपने पौते को पूरी घटना बताई और ठगों की खोजबीन की। अंततः थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच में ले लिया।

---

# ग्राम जामनेर में सुंदरकांड के साथ श्याम भजन से गूंजा पांडाल



**शुजालपुर।** शनिवार को ग्राम जामनेर के साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर हो रहे कार्यक्रम के चौथे शनिवार को नर्सरी के सामने देववकील धाकड़ पटेल के खेत में दीपड़ा वाले हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड कार्यक्रम व खाटू श्याम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान भजन गायक हरीश सोनी के भजनों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मप्र अधिवक्ता मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, एड्वोकेट ईश्वरसिंह उमठ, एडवोकेट मांगीलाल मालवीय आदि शामिल हुए।

वक्ताओं ने जय सीताराम सुंदरकांड मंडली और हरीश सोनी तथा एडवोकेट अमित मालवीय के प्रयास को सराहा। अब तक चार हनुमान मंदिरों पर यह कार्यक्रम संपन्न हो गए हैं। कार्यक्रम में सहयोग करने पर देववकील धाकड़ पटेल, लक्ष्मीनारायण धाकड़ दिल्ली दरबार, अमरीश पुरी गोस्वामी, कैलाश धाकड़ ढाबा संचालक, प्रवीण विश्वकर्मा, राधु पटेल, विष्णु धाकड़, मंगलसिंह, छगनलाल धाकड़, गुलाब धाकड़ आदि ने आभार माना।

---

# देवउठनी ग्यारस पर हुई पूजा-अर्चना

**नरसिंहगढ़।** उठो देव सांवला बोर फली आंवला की गूंज के साथ देव उठ गए। इस अवसर पर घर-घर भगवान सालगराम की पूजा की गई। घरों की छतों एवं आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर सजाया गया। शुभ मुहूर्त में लोगों ने भगवान श्री हरि का पञ्चामृत से पूजा कर आरती उतारी एवं हाथ में बोर, फली, आंवला लेकर मंडप की परिकमा कर अपने देव को उठाया। इसी के साथ चार माह से विश्राम करने गए देव संसार का संचालन करने आ गए। इसी के साथ शुभ कार्य का भी प्रांरभ हो गया। आज से ही विवाह, गृह प्रवेष आदि शुभ कार्य शुरू हुए।



## महिलाओं ने पारंपरिक मांडने बनाकर सजाया मंडप

देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रंगोली और मांडनों से मंदिर परिसर एवं विवाह मंडप को आकर्षक रूप से सजाया। सुबह से ही महिलाएं समूह बनाकर धार्मिक गीतों के साथ तैयारियों में जुटी रहीं। पीले-लाल प्राकृतिक रंगों से तैयार मांडनों में भारतीय परंपरा व लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दी। तुलसी विवाह के लिए बनाए गए मंडप को फूल-मालाओं, दीपों और अशोक-पतों से सजाया गया, जिससे पूजा स्थल और भी भव्य नजर आया।

---

## शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता खोइया ने की। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता रहे तथा खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही।

---

### भारत आत्म निर्भर संकल्प अभियान अंतर्गत विधानसभा सम्मेलन आयोजित

# दीपावली मंगल मिलन समारोह में स्वदेशी अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्म निर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश व्यापी आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कालापीपल विधानसभा के भेसायगढ़ा मे दीपावाली मंगल मिलन समारोह का आयोजन। दीपावली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन देवनारायण भगवान की राडी मे क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा दिपावली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री सहित जिले भर के जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर भगवान देवनारायण का पूजन के साथ त्रिवेणी पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा स्वदेशी अपनाओ के साथ दोने पत्तल से लेकर खाद्य सामग्री तक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर सभी से अपील की स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ सिंगल युज पन्नी प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने की अपील की वहीं विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा सभी मंचासीन महंतों व जनप्रतिनिधियों एवं सभी पत्रकारों का शाल श्रीफल से स्वागत कर दिपावली की शुभकामनाएं दी

महंत शंकरगिरी महराज वाराणसी के साथ सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि वरिष्ठ, युवा पुरुष, महिला कार्यकर्ता के साथ हजारो कायकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा आयुष मंत्री इंदर सिह परमार ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिससें आज हमें स्वदेशी का संकल्प लेना है स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने की बजाय स्वदेशी अपनाए आज इस पूरे हजारो नागरिको के कार्यक्रम मे स्वदेशी वस्तुओ का उपयोग किया गया दुनिया में योग, आयुर्वेद, शिल्प परंपरा उद्योग यह सब आज बेसिक पहचान बन चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के आत्म निर्भर भारत के आवाहन मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं। जो हमें आत्म निर्भरता के साथ भारत को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। आज भारतीय जनता पार्टी सरकार इसी मंत्र के चलते स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। विधायक चन्द्रवंशी ने सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प दिलाया।

---

## मोबाइल कोर्ट से आवेदक को भूमि पर मिला कब्जा

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम बदरपुर में शनिवार को कब्ज़ा सबंधी विवाद का निराकरण कर आवेदक को कब्ज़ा सौंपा गया। न्यायालय तहसीलदार राघौगढ़ के प्रकरण में ग्राम बदरपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 36/2 रकबा 0.200 हेक्टेयर पर से अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र किशन लोधा का अवैध कब्ज़ा हटाया जाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्ज़ा दिलाये जाने के लिये निवेदन किया गया था। इस सबंध में तहसीलदार तहसील राघौगढ़ शअनुराग जैन के नेतृत्व में गठित राजस्व दल द्वारा मौके पर जाकर अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र श्रीकिशन लोधा का अवैध कब्ज़ा हटाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्ज़ा सौंपा।